मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 ■ अंक : 100 ■ सोमवार, 1 जुलाई 2024 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

Android App on Google play /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566


epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

पलक तिवारी ने सोशल मीडिया पर शेयर की फोटो

# शिवमंदिर का पीपल का पेड़ ठेकेदार ने काटा



■ एड. सरिता ने की कार्रवाई की मांग
■ पुलिस दर्ज कराई एफआईआर

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** प्राचीन शिवमंदिर परिसर में सांसद श्रीकांत शिंदे की निधि से ड्रीम प्रोजेक्ट का कार्य शुरू है. ठेकेदार परिसर के बड़े पेड़ों को तोड़ रह है. ठेकेदार और अंबरनाथ नपा के मुख्याधिकारी पर कार्रवाई करने की मांग पर्यावरण प्रेमी एवं हिराली फाउंडेशन की अध्यक्ष एड. सरिता खानचंदानी ने की है. यहां के एक काटे गए पीपल के बड़े पेड़ पर उन्होंने हार-फूल डालकर श्रद्धांजलि व्यक्त की है. ठेकेदार एवं नगर परिषद का उन्होंने निषेध व्यक्त किया है.

विदित हो कि प्राचीन शिवमंदिर वालधुनी नदी के किनारे पर शहर पूर्व में है. इस परिसर का सुशोभिकरण करने के उद्देश्य से एवं प्राचीन शिवमंदिर की राज्य में एक अलग पहचान हो, इसके लिए सांसद शिंदे अपनी निधि से हर वर्ष शिवमंदिर फेस्टिवल का आयोजन करते हैं. यहां से बह रही वालधुनी नदी की चौड़ाई को छोटा करके नदी तल में कांक्रीट से बांधकाम शुरू किया गया है.

सरिता का कहना है कि शिवमंदिर की दीवार पर पुरातत्व विभाग ने एक सूचना फलक लगाकर सूचित किया है कि मंदिर के 300 मीटर के आसपास कोई भी बांधकाम नहीं किया जा सकता. इसके बावजूद ठेकेदार और प्रशासन द्वारा नदी तल में अवैध रूप से सीमेंट का बांधकाम शुरू किया है. इस काम के लिए अंबरनाथ नगर परिषद ने और जलसंपदा विभाग ने अनुमति कैसे दी, ऐसा प्रश्न करते हुए उन्होंने कहा है कि फिर ड्रीम प्रोजेक्ट का अवैध बांधकाम कैसे शुरू है. ठेकेदार यहां के बड़े पेड़ भी काट रहा है. एक बड़ा पीपल का पेड़ भी काट दिया गया है. पीपल के पेड़ को धार्मिक महत्व है. सरिता ने तोड़े गए पेड़ पर फूल-हार अर्पित करके श्रद्धांजलि अर्पित की है. सरिता ने इस संबंध में शिवाजी नगर पुलिस में एफआईआर भी दर्ज कराई है.




# केमिकल कंपनियां छोड़ रहीं उल्हास नदी में रसायन

■ केमिकल कंपनियों पर ठोस कार्रवाई की मांग
■ बारिश की आड़ में नालों में बहाया जा रहा केमिकल



फाइल फोटो



फाइल फोटो

**अंबरनाथ.** केमिकल कंपनियों से निकलने वाले रासायनिक कचरे का उल्हास नदी में छोड़े जाने से नदी प्रदूषित हो रही है और इसके कारण बदलापुर शहर से बहने वाली उल्हास नदी प्रदूषित हो गई है। खासकर, इन केमिकल फैक्ट्रियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से फैक्ट्रियां को अभय दिए जाने का आरोप नागरिक कर रहे हैं.

रासायनिक अपशिष्ट जल को सीधे उल्हास नदी में छोड़ने का मामला एक बार फिर सामने आया है। गत सप्ताह से शुरू हुई बारिश के बाद बदलापुर शहर में झमाझम बारिश हुई. इस बारिश के पानी के साथ-साथ एमआईडीसी के सीवेज को सीधे उल्हास नदी में गिराने का मामला सामने आया है.

बदलापुर में केमिकल कंपनियों को अपना अपशिष्ट जल पाइपलाइनों के माध्यम से सीवेज उपचार केंद्र पर भेजना अनिवार्य है। लेकिन इन पाइपलाइनों के फटने के कारण इन्हें नजरअंदाज किया जा रहा है। इतना ही नहीं, कई उद्योगपति अपनी कंपनियों से निकलने वाले रासायनिक अपशिष्ट जल को बदलापुर एमआईडीसी क्षेत्र में सड़क पर प्रवाहित करते हैं इसलिए यह पानी सीधे उल्हास नदी में चला जाता है। चूँकि बदलापुर की फैक्ट्रियाँ रासायनिक अपशिष्ट जल सीधे उल्हास नदी में छोड़ रही हैं, इसलिए उनकी गैरजिम्मेदारी के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

### कदाचार रोकने की जनता की मांग

बारिश का फायदा उठाकर रासायनिक पानी सीधे नदी में छोड़ दिया जाता है। हालाँकि, ऐसी कुरीतियों को रोकना ज़रूरी है और नदी प्रदूषण पर ध्यान देना भी उतना ही ज़रूरी है। अक्सर यह बात सामने आ रही है कि कंपनियां शाम के समय इस तरह की गड़बड़ी कर रही हैं। इसलिए जनता की मांग है कि ऐसी गड़बड़ियों को रोका जाए. उधर, फैक्ट्री से निकलने वाला गंदा पानी बिना ट्रीटमेंट के सीधे सड़क पर नहीं छोड़े जाने से आक्रोश जताया जा रहा है।

### ■ एमपीसीबी कर रही नजरंदाज

गौरतलब है कि गुजरात जीआईडीसी से टैंकरों द्वारा वालधुनी नदी में खतरनाक रसायन छोड़े जाने का मामला पहले भी सामने आ चुका है। लेकिन चूंकि एमपीसीबी इस गंभीर मुद्दे को नजरअंदाज कर रहा है, इसलिए आम नागरिक इस विभाग को लेकर गुस्सा जाहिर कर रहे हैं. दिलचस्प बात यह है कि रासायनिक कंपनियां अब एक नई रणनीति लेकर आई हैं और यहां तक कि पीने के पानी के टैंकरों से भी रासायनिक कचरा भरकर नदी में छोड़ दिया जाता है। सूत्रों का कहना है कि कुछ कंपनियां भूमिगत लाइन बना रही हैं और अपना रासायनिक कचरा नदी में छोड़ रही हैं। इसलिए मांग है कि एमपीसीबी और नगर पालिका को इस पर ध्यान देना चाहिए.

# विधायक कुमार आयलानी उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र का विकास करने में फेल

■ म्हारल गांव में घुटनों तक पानी
■ म्हारल निवासियों ने आयलानी के खिलाफ मोर्चा खोला
■ छात्र जान मुट्ठी में लेकर करते हैं यात्रा



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र में विकास केवल कागजों पर ही देखा जा रहा है, शहर में सबसे खराब सड़कें, दूषित पानी, कचरों का ढेर, साफ सफाई, अनियमित बिजली, यातायात जैसी मूलभूत सुविधाएं दिलाने में विधायक कुमार आयलानी फेल हुए हैं। उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र में ही आने वाले म्हाराल गांव के गणेश नगर इलाके में हर साल की तरह इस साल भी घुटनों तक पानी जमा है.

बारिश के पानी की समस्या केवल गणेश नगर क्षेत्र के निवासियों के लिए नहीं है, इस सड़क से मारलेश्वर विद्यालय म्हारल के स्कूली छात्र आते-जाते हैं। सड़क कार्य और नालियों की कमी के कारण यहां हर साल कमर तक पानी जमा हो जाता है। बरसात के दिनों में इस रास्ते से एक हजार से अधिक छात्रों अपनी जान हथेली पर रखकर आते जाते है। इसी इलाके के चार सौ से पांच सौ परिवारों को भी कमर भर बारिश के पानी से गुजरना पड़ता है। सड़क के किनारे बड़े-बड़े गड्ढे होने से बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है, लेकिन ग्राम पंचायत म्हारल और सरकारी अधिकारी कुंभकर्णी नींद में बैठे हैं और विधायक कुमार आयलानी अनाधिकृत निर्माण को मंजूरी दिलाने, फोटो सेशन के काम में लगे हुए हैं ऐसा स्थानीय नागरिकों का मानना है। उनका कहना है कि आयलानी म्हारल के नागरिकों की अनदेखी कर रहे हैं।


### बिल्डिंग की छत से गिरकर मजदूर की मौत

**उल्हासनगर.** गोलमैदान स्थित कैंप नंबर-2 में हीरापन्ना बिल्डिंग की छत पर पतरा डालते वक्त एक मजदूर की गिरकर मौत हो गई. इस संबंध में उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में 2 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और पुलिस आगे की जांच कर रही है.

21 जून को उल्हासनगर कैंप नंबर-2, गोलमैदान में हीरापन्ना बिल्डिंग की छत पर दीपक सरोज, दीपक कुमार पंडित, शैलेश कुमार प्रसाद और गौरव विश्वकर्मा पतरा लगाने का काम कर रहे थे. पतरा बिछाने का काम करते समय बिल्डिंग के ठेकेदारों ने सुरक्षा के लिए कोई सामग्री उपलब्ध नहीं करायी. रात साढ़े दस बजे पैर फिसलने और बिल्डिंग से गिरने से दीपक सरोज की मौत हो गई। हाल ही में उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में नीलेश जयराम वधारिया और ठेकेदार सत्येन्द्र प्रसाद के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है.

# पान टपरियों पर उल्हासनगर मनपा की कार्रवाई

■ अतिक्रमण हटाया
■ 7 हजार जुर्माना वसूला



**उल्हासनगर.** महानगर पालिका द्वारा गुरुवार को एम्पल और एंजेल ऑर्केस्ट्रा और बार पर छापा मारने के बाद, अतिक्रमण टीम ने शुक्रवार को तंबाकू, पान और सिगरेट बेचने वाले 11 अवैध पान टपरियों पर छापा मारा. 7 हजार का जुर्माना भी वसूला गया है और सहायक आयुक्त गणेश शिंपी ने कार्रवाई जारी रखने के संकेत दिए हैं. उल्हासनगर के पुलिस उपायुक्त सुधाकर पठारे ने मनपा आयुक्त को बार और आर्केस्ट्रा के अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पत्र दिया. इसके बाद मनपा आयुक्त अजीज शेख के आदेश पर अतिक्रमण विभाग ने गुरुवार को पुलिस सुरक्षा में एंजल एंड एम्पल ऑर्केस्ट्रा बार में छापेमारी की. साथ ही अन्य आर्केस्ट्रा व बार को भी पत्र देकर अवैध निर्माण की जांच करने का संकेत दिया है.

शुक्रवार को अतिक्रमण विभाग के प्रमुख गणेश शिंपी की टीम ने तंबाकू, सिगरेट और तंबाकू उत्पाद बेचने वाले 11 बिना लाइसेंस वाले ठेलों के खिलाफ पुलिस सुरक्षा में कार्रवाई की। शिम्पी ने यह भी संकेत दिया कि यह पुणे शहर की तर्ज पर जारी रहेगा। पान टपरी में तम्बाकू उत्पाद रखने पर 7 हजार रुपए की दण्डात्मक कार्रवाई की गई है। साथ ही कार्रवाई जारी रखने का संकेत भी दिया.

### युवक की संदेहास्पद मौत

# हत्या या आत्महत्या?

■ मरने से पूर्व दोस्त का सर फोड़ा
■ 3 दोस्त हिरासत में
■ 1 दोस्त अस्पताल में
■ पुलिस गुत्थी सुलझाएगी?



**कल्याण.** विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन क्षेत्र के चिंचपाड़ा इलाके में एक युवक की संदिग्ध मौत हो गई है, क्या यह मौत आकस्मिक है? या युवक की हत्या की गई है, इस मामले में विठ्ठलवाड़ी पुलिस जांच कर रही है, ज्ञात हो कि मृतक कार्तिक और उसके तीन दोस्त शराब पीने के लिए चिंचपाड़ा इलाके में एक इमारत की चौथी मंजिल पर बैठे थे, इस बार कार्तिक ने एक दोस्त के सिर पर बोतल दे मारी और वह घायल हो गया। इलाज के लिए उसे रुक्मिणीबाई अस्पताल ले जाया गया, उस पर वार करने वाले कार्तिक का शव दूसरे दिन बिल्डिंग के नीचे पड़ा मिला। इस घटना के बाद विठ्ठलवाड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और रात में कार्तिक के साथ शराब पी रहे तीन दोस्तों को हिरासत में ले लिया और पूछताछ कर रही है। कार्तिक की मौत के बाद कई सवाल उठे कि आखिर कार्तिक बिल्डिंग के नीचे कैसे गिरा, क्या किसी ने उसे धक्का दिया था? क्या किसी ने उसे मार डाला? क्या कार्तिक खुद बिल्डिंग से गिरा? ऐसे कई तरह-तरह के सवाल उठ रहे हैं। कार्तिक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सेंट्रल हॉस्पिटल ले जाया गया है.

# डांर बार मालिक करेंगे आंदोलन



■ सरकार कार्रवाई से पहले विकल्प दे
■ अवैध निर्माणों को छोड़कर बार पर कार्रवाई क्यों?
■ बार मालिक चालक हुए एकजुट

**उल्हासनगर.** पुणे की घटना के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अवैध बार पब ढाबों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए थे. इसी पृष्ठभूमि में कल्याण डोंबिवली क्षेत्र में महानगरपालिका ने सात से आठ डांस बार व पब के खिलाफ कार्रवाई की। यह कार्रवाई देर शाम तक चली लेकिन अब बार मालिक चालक इस कार्रवाई के खिलाफ एकजुट हो गये. कल्याण ग्रामीण क्षेत्र के कोलीवली में रुक्मिणी बार पर प्रशासन ने कार्रवाई की. बार मालिकों और चालकों ने कहा कि हम सरकार को विभिन्न करों का भुगतान करते हैं, होटल उद्योग पर सैकड़ों लोगों की आजीविका चलती है। और उद्योग सभी राजनीतिक नेताओं के कार्यक्रमों में मदद करता है। सभी सरकारी करों का नियमित भुगतान करता है, मार्च में लाइसेंस नवीनीकृत किया गया है, अपने कर्तव्य के रूप में मतदान भी किया। हमारे आसपास बहुत सारी अनधिकृत इमारतें हैं, तो बार को निशाना क्यों बनाया गया? "हमारे खिलाफ कार्रवाई क्यों?" बार उद्योग ने मांग की कि सरकार कार्रवाई से पहले हमें दूसरा विकल्प मुहैया कराए.

# शाहू महाराज फ्लाईओवर के आधारशिला का सौंदर्यीकरण





**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर में एक महत्वपूर्ण फ्लाईओवर का नाम छत्रपति शाहू महाराज के नाम पर रखा गया है। हालाँकि, शाहू महाराज के नाम वाले आधारशिला की उपेक्षा की गई है। हाल ही में शाहू महाराज की जयंती हर जगह मनाई गई. शहर के एक सामाजिक कार्यकर्ता संजय गुप्ता ने अपने खर्च पर आधारशिला और आसपास के क्षेत्र का सौंदर्यीकरण कराया है।

उल्हासनगर-3, ओ, टी सेक्शन से कैंप नंबर 4 तक जाने वाले छत्रपति शाहू महाराज फ्लाईओवर एवं आधारशिला खराब स्थिति में है. आधारशिला के आसपास का क्षेत्र गंदा है। मनपा प्रशासन की ओर से इसे उपेक्षित किया गया है। जब सामाजिक कार्यकर्ता संजय गुप्ता इस फ्लाईओवर से गुजर रहे थे तो उनकी नजर छत्रपति शाहू महाराज फ्लाईओवर की आधारशिला की हालत पर पड़ी. छत्रपति राजर्षि शाहू महाराज की जयंती के अवसर पर डॉ. संजय गुप्ता ने अपने खर्चे से इस फ्लाईओवर की आधारशिला और आसपास के क्षेत्र का सौंदर्यीकरण कराया। साथ ही यहां आए समाजसेवियों और नागरिकों ने लड्डू बांटकर छत्रपति राजर्षि शाहू महाराज की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई.

# अंबरनाथ व्यापारी संघ अध्यक्ष राष्ट्रसेवा सम्मान से सम्मानित



■ खानजी धल को राज्यपाल रमेश बैस ने किया पुरस्कृत

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ व्यापारी संघ के अध्यक्ष खानजी धल को समाज में एवं शहर के व्यापारियों के लिए उल्लेखनीय कार्य करने पर महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस के हाथों 'राष्ट्रसेवा सम्मान 2024' पुरस्कार से शनिवार को मुंबई में सम्मानित किया गया. उनके साथ उनकी धर्मपत्नी मंजू धल ने इस पुरस्कार को प्राप्त किया है.

विदित हो कि समाज में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को वाग्धारा कला महोत्सव हर वर्ष ये पुरस्कार प्रदान करके गौरवान्वित करता है. इस वर्ष ये पुरस्कार खानजी धल को दिया गया है. मॉडल टाउन अंधेरी, मुंबई में 29 जून को ये पुरस्कार दिया गया है.

विदित हो कि अंबरनाथ के व्यापारियों और अपने समाज के लिए रात-दिन खानजी धल कार्य करते हैं. गुजराती, मारवाड़ी, कच्छी समाज में वह अपने एक अलग मुकाम रखते हैं. राष्ट्र सेवा पुरस्कार से अध्यक्ष खानजी धल को सम्मानित किए जाने पर व्यापारियों में उत्साह एवं खुशी की लहर दौड़ गई है. व्यापारियों एवं गुजराती, कच्छी, मारवाड़ी समाज के नेताओं ने उन्हें बधाई संदेश रवाना किए हैं.

# नाबालिग कार चालक ने कार में टक्कर मार दी

■ कार चालक घायल

**कल्याण.** कल्याण के अटाली इलाके में आधी रात को एक नाबालिग ने कार चलाते समय सामने से आ रही कार को टक्कर मार दी. टक्कर में सामने वाली कार के ड्राइवर को मामूली चोटें आईं। टक्कर के बाद नाबालिग लड़के ने अपने साथियों को बुला लिया और उनके सामने ही कार चालक से गाली-गलौज की.

हादसे की जानकारी सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद खड़कपाड़ा पुलिस ने नाबालिग कार चालक के पिता राजाराम चौधरी और उसके नाबालिग बेटे के खिलाफ मामला दर्ज किया. पुलिस ने यह रुख अपनाया कि कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई क्योंकि इस मामले में कोई भी शिकायत दर्ज कराने के लिए आगे नहीं आया। खड़कपाड़ा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अमरनाथ वाघमोडे ने मीडिया को बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है.

पुलिस ने कहा, नाबालिग लड़का शुक्रवार आधी रात को ब्रेजा कार में कल्याण से अटाली की ओर तेजी से घर जा रहा था। अटाली चौक पर आरोपी लड़के ने कार से नियंत्रण खो दिया और कार सामने से आ रही किआ कार से टकरा गई. किआ कार के ड्राइवर को मामूली चोटें आईं। एक्सीडेंट को लेकर आरोपी लड़के और किआ कार के ड्राइवर के बीच बहस हुई. गलती छोटी सी होने पर उन्होंने अपने सामने ही कार चालक को डांटना शुरू कर दिया। इसी दौरान आरोपी लड़के ने अपने साथियों को मौके पर बुला लिया. किआ कार में ड्राइवर के साथ बिना किसी गलती के मारपीट की गई।

### नांदिवली से नाबालिग चरवाहे का अपहरण

**कल्याण.** कल्याण पूर्व में नांदिवली गांव की सीमा के पास गाय चराने गए 15 वर्षीय चरवाहे का अज्ञात लोगों ने अपहरण कर लिया। अपहृत चरवाहे की पहचान शिव बिचप्पा कुरुवलम (15) के रूप में हुई है। कल्याण पूर्व के नांदीवली गांव के भास्कर बरकु ढोणे (48) डेयरी का कारोबार करते हैं. भास्कर ढोणे अपनी गायों की देखभाल करने और उन्हें चराने के लिए शिवा को भेजता था। रोजाना की तरह गुरुवार सुबह शिवा गायों को लेकर नांदीवली गांव की सीमा में कब्रिस्तान के पास गया। जब गायें चरती थीं तो शिव इस क्षेत्र के चट्टानी भाग पर बैठे रहता था. शिव कुरुवलम को एक अज्ञात व्यक्ति ने फुसलाया और उसका अपहरण कर लिया. शिव नियमित रूप से 11 बजे तक लौट आता था, लेकिन वह घर नहीं आया. इसलिए परिवार के मुखिया भास्कर ढोणे उसे देखने गए, तो गायों को वहां चरते हुए देखा लेकिन शिव नहीं मिला. ढोणे ने कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन में अपहरण की शिकायत दर्ज कराई है।

# अंबरनाथ गांवदेवी नाले पर रेलिंग लगाई जाए

■ बारिश में नाले में गिरकर हादसा होने की आंशका



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम गांवदेवी मंदिर रोड के पास से बहने वाले मुख्य नाले के साइड का रेलिंग टूट कर गिर गया है. यहां से सैकड़ों छोटे बच्चे स्कूल में जाते हैं. रेलिंग नहीं होने के कारण कोई स्कूली बच्चा नाले में गिरने से कोई बड़ा हादसा हो सकता है. अंबरनाथ नगर परिषद से यहां के सामाजिक कार्यकर्ता बिलाल शेख ने तुरंत सड़क के नाले पर रेलिंग बांधने की विनती की है. उनका कहना है कि नाले के सड़क पर गड्ढे भी हैं. जिसके कारण बच्चे, बड़े सभी सड़क के किनारे से होकर जाते हैं. किसी का पैर फिसल गया तो रेलिंग ना होने से वह सीधा नाले में गिर सकता है. बरसात में ये नाला पूरी तेज रफ्तारी से बहते हुए आगे की ओर जाता है. इसमें अगर कोई गिर गया तो वह मौत के मुंह में चला जाएगा. ऐसा बिलाल का कहना है.

इसी नाले के पास हमेशा कचरे का ढेर लगा रहता है. जिसके कारण भी पादचारी एवं स्कूल विद्यार्थी साथ ही गांवदेवी मंदिर में दर्शन के लिए जाने वाले भक्त बदबू गंदगी से बड़े परेशान हैं. नपा ने यहां कचरा मत डालो का बोर्ड भी लगाया है. फिर भी यहां कचरे का ढेर दिखाई देता है. इस सड़क के नाले के किनारे तुरंत रेलिंग लगाकर कचरे का बंदोबस्त भी करने की मांग की जा रही है.

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## व्यस्तता बढ़ी लेकिन सक्रियता नहीं

जब किसी व्यक्ति को सुस्त देखा जाता है, तो इसका सीधा अर्थ यही लगाया जाता है कि शायद उसकी तबीयत ठीक नहीं है या फिर वह आलसी है। मगर यह इसलिए भी संभव है कि उसकी सक्रियता में कई वजहों से कमी आ रही हो और उसका कारण कोई शारीरिक बीमारी नहीं हो। हालांकि बीमारी की वजह से अगर सक्रियता में कमी आती है तो यह भी सही है कि सक्रियता में कमी से शरीर में बीमारी घर बनाती है। विडंबना यह है कि वक्त के साथ विस्तृत होते दायरे के बीच ज्यादातर लोगों की व्यस्तता तो बढ़ी है, मगर उनकी शारीरिक सक्रियता में तेजी से कमी आई है। 'द लांसेट ग्लोबल हेल्थ' जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में यह उजागर हुआ है कि सन 2022 में भारत की सत्तावन फीसद महिलाएं शारीरिक रूप से पर्याप्त सक्रिय नहीं थीं, जबकि पुरुषों में यह दर बयालीस फीसद थी। अध्ययन में यह अनुमान लगाया गया है कि अगर मौजूदा परिपाटी जारी रही तो 2030 तक भारत में अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता वाले वयस्कों की संख्या बढ़ कर साठ फीसद तक पहुंच जाएगी। अंदाजा लगाया जा सकता है कि किसी देश की साठ फीसद आबादी अगर शारीरिक रूप से पर्याप्त सक्रिय नहीं रहे तो आने वाले वक्त में वहां आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से कैसी तस्वीर बनेगी। आमतौर पर अधिक आबादी वाले देशों में रोजी-रोटी का मसला इस तरह जटिल होता है कि ज्यादातर लोगों को जीवन चलाने के लिए शारीरिक रूप से जरूरत से ज्यादा सक्रिय रहना पड़ता है। सवाल है कि आखिर भारत में ऐसे हालात कैसे पैदा हो रहे हैं कि यहां इतनी बड़ी तादाद में लोग सुस्त होते जा रहे हैं! विचित्र यह भी है कि लोगों की व्यस्तता में एक अजीब किस्म की बढ़ोतरी हुई है। ऐसे तमाम लोग हैं, जिनका आधे घंटे का कोई काम टलता रहता है, मगर रोजाना वे पांच या सात घंटे या इससे ज्यादा समय अपने स्मार्टफोन या अन्य तकनीकी संसाधनों पर, सोशल मीडिया या अन्य आभासी मंचों पर बर्बाद करते हैं। महामारी के दौरान घर से काम करने की व्यवस्था जब चलन में आई थी, उसने भी लोगों के ज्यादा शिथिल होने में भूमिका निभाई। शारीरिक सक्रियता में कमी की वजहों और नतीजों पर अगर गौर नहीं किया गया तो इन सबका समुच्चय आखिर व्यक्ति को विचार से कमजोर करेगा, शरीर को बीमार बनाएगा

# आसान नहीं लग रही केजरीवाल की रिहाई

राजधानी दिल्ली में हुए कथित शराब घोटाले की जांच अब बहुकोणीय हो गई है। पहले प्रवर्तन निदेशालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इस मामले में गिरफ्तार किया था, अब केंद्रीय जांच एजंसी यानी सीबीआइ ने भी उन्हें हिरासत में ले लिया है। सीबीआइ का कहना है कि दिल्ली की आबकारी नीति बनाने में दक्षिण भारत का एक समूह शामिल था और उससे केजरीवाल जुड़े हुए थे।

**मामले को सियासी हथकंडा करार दे रही है आम आदमी पार्टी**

इस मामले में बड़ी साजिश का पता लगाने के लिए केजरीवाल का सबूतों से आमना-सामना कराना और उनसे पूछताछ जरूरी है। अदालत ने सीबीआइ की इस दलील को उचित मानते हुए केजरीवाल की तीन दिन की हिरासत मंजूर कर दी। माना जाता है कि सीबीआइ को कुछ पुख्ता सबूत हाथ लगे होंगे, तभी उसने हिरासत

**दिल्ली शराब घोटाला और जांच की आंच**

की मांग की। मगर हमेशा की तरह आम आदमी पार्टी इस मामले को सियासी हथकंडा करार दे रही है।

कुछ दिनों पहले दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने केजरीवाल को जमानत दे दी थी। उसने प्रवर्तन निदेशालय के पास केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ पुख्ता सबूत न होने को लेकर नाराजगी भी जताई थी। मगर प्रवर्तन निदेशालय ने उस जमानत आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय में गुहार लगाई और




जमानत पर स्थगन आदेश मिल गया। इसे लेकर अभी चर्चाएं चल ही रही थीं कि सीबीआइ ने केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया।

**पूरा मामला रहस्य के पर्दे में है, जांच की जद में कुछ और नेता**

दिल्ली शराब घोटाले की सच्चाई अभी रहस्य के पर्दे में है। आम आदमी पार्टी के कई नेता इसकी जांच की जद में आ चुके हैं। उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया लंबे समय से जेल में हैं। संजय सिंह जेल जाकर आ चुके हैं। कयास लगाए जाते हैं कि और भी कुछ नेताओं तक इस जांच की आंच पहुंच सकती है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को अवैध ठहराने की कानूनी लड़ाई चल रही है। उन्हें सर्वोच्च न्यायालय ने आम चुनाव के दौरान प्रचार करने के लिए मोहलत दी थी, पर फिर उन्हें जेल जाना पड़ा। अब सीबीआइ ने एक नया सिरा पकड़ लिया है, तो केजरीवाल की रिहाई आसान नहीं लगती।

केजरीवाल ने अभी तक मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया है। चूंकि ऐसा कानूनी प्रावधान नहीं है कि किसी व्यक्ति को किसी आरोप में गिरफ्तारी से पहले इस्तीफा देना अनिवार्य है, इसलिए उन्होंने अपने पद पर बने रहने का फैसला किया। मगर सार्वजनिक जीवन में सब कुछ कानून से नहीं चलता, जनभावनाएं भी महत्त्वपूर्ण होती हैं। आम लोगों की यही अपेक्षा रहती है कि अगर किसी बड़े पद का निर्वाह कर रहे व्यक्ति पर कोई गंभीर आरोप लगे, तो वह नैतिक आधार पर खुद को उस पद से अलग कर ले।

चूंकि कथित शराब घोटाला मामले को राजनीतिक रंग दे दिया गया है और इसे लेकर अभी तक कोई पुख्ता प्रमाण सामने नहीं आ सका है, इसलिए लोगों में भ्रम बना हुआ है। आम आदमी पार्टी और भाजपा एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाती रहती हैं। ताजा मामले में भी आम आदमी पार्टी का तर्क है कि केंद्र सरकार केजरीवाल को इस मामले में उलझाए रख कर सीखचों के पीछे रखने का प्रयास कर रही है।

मगर भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों को जब इस तरह सियासी रंग दे दिया और लंबे समय तक उलझाए रखा जाता है तो उससे आम लोगों का भरोसा कमजोर होता है। अगर सचमुच दिल्ली की आबकारी नीति गलत थी और उसके चलते कुछ लोगों को नाजायज लाभ पहुंचाया गया, तो इसकी सच्चाई जल्दी सामने आनी चाहिए। आम आदमी पार्टी से भी अपेक्षा की जाती है कि वह इस जांच में सहयोग करेगी।




ध्यानाभ्यास के द्वारा, हम प्रभु रूपी महासागर को अपनी आत्मा रूपी बूंद में महसूस कर सकते हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# साइबर संसार को कई संदेश दे गई असांजे की रिहाई

साइबर विशेषज्ञ, हैकर, संपादक जूलियन असांजे की रिहाई कोई सामान्य घटना नहीं है। यह रिहाई बदलते दौर का एक संकेत है। यह नई साइबर व्यवस्था का युग है, जिसमें तीन बातें साफ तौर पर हमारे सामने हैं। एक, सरकारें बहुत मजबूत होती जा रही हैं। दूसरी, साइबर सुरक्षा में सेंधमारी रोजमर्रा की समस्या बन गई है। तीसरी बात, साइबर अपराध हमारी जिंदगी का एक हिस्सा बन गया है। इन तीनों बातों से जोड़ते हुए ही जूलियन असांजे के मामले को देखना चाहिए।

जूलियन के खिलाफ मुकदमा इसलिए चलाया गया था, क्योंकि उन्होंने अमेरिकी सरकार, अमेरिकी हितों और अमेरिकी सुरक्षा से संबंधित सूचनाएं हासिल कीं और विकीलीक्स पर प्रसारित कर दिया था। अमेरिका का कहना है कि विकीलीक्स में प्रकाशन से उसे बहुत नुकसान पहुंचा है। खुलासों के बाद अमेरिका उनके पीछे पड़ गया और वह गिरफ्तारी से बचते हुए भागते रहे। अनेक देशों में छिपते फिरते रहे और अंततः ब्रिटेन में गिरफ्तार कर लिए गए।

हमें यह समझना होगा कि जूलियन ऑस्ट्रेलियाई नागरिक हैं। ऑस्ट्रेलिया में जब सत्ता परिवर्तन हुआ, तब जो प्रधानमंत्री बने, उनके लिए जूलियन की रिहाई प्राथमिकता बन गई। कूटनीतिक स्तर पर रिहाई के लिए बहुत प्रयास हुए। अंततः एक समझौता या सौदा हुआ। सौदा हुआ, पर अमेरिका ने कहा कि मैं अपने आरोप खत्म नहीं करूंगा, क्योंकि लगाए गए आरोप बेहद गंभीर किस्म के हैं, फिर भी यदि जूलियन असांजे माफी मांगते हैं और अपने आपको दोषी स्वीकार करते हैं, तो हम उनके द्वारा अब तक काटी गई सजा को पर्याप्त



मानकर उन्हें रिहा कर देंगे। इसके बाद ही उनकी रिहाई के लिए रास्ता निकला। वह एक अमेरिकी अदालत में पेश हुए और खुद को दोषी स्वीकार किया, तब उन्हें छोड़ा गया। अब वह स्वदेश ऑस्ट्रेलिया पहुंच गए हैं।

कुल मिलाकर, यह रिहाई एक अप्रत्याशित घटना है। किसी को उम्मीद नहीं थी कि इतनी जल्दी उनकी रिहाई हो जाएगी। वास्तव में, यह दुनिया में मजबूत होती सरकारों के प्रयासों का नतीजा है। यहां ऑस्ट्रेलिया सरकार अगर मजबूती से रिहाई के प्रयास नहीं करती, तो वाकई अमेरिका जूलियन को इतनी जल्दी नहीं छोड़ता।

इस मामले को व्यापकता में देखना चाहिए। आज दुनिया में अलग-अलग सरकारों के पास अपने-अपने साइबर कानून हैं। साइबर अपराध को बहुत गंभीरता से लेने की शुरुआत हो चुकी है। पहला संदेश यही जाता है कि अगर आप किसी का डाटा उसकी इजाजत के बगैर इस्तेमाल करते हैं, अगर आप किसी सरकार का गोपनीय डाटा उजागर कर देते हैं, तो वह सरकार या राष्ट्र चुप नहीं बैठेगा, आप पर मुकदमे करेगा। आप दुनिया के किसी भी कोने में होंगे, आपको गिरफ्त में ले लिया जाएगा।


दूसरा संदेश यह है कि कोई भी किसी सरकार के बारे में किसी गोपनीय जानकारी का पता न लगाए, तो साइबर कानूनों से बच सकता है। अगर दुनिया की कोई भी सरकार आप पर सुरक्षा संबंधी डाटा लीक करने का इल्जाम लगाती है, तो फिर दूसरी सरकारें आपका बचाव नहीं करेंगी।

जूलियन असांजे बहुत भाग्यशाली रहे हैं कि उनकी रिहाई के लिए राजनीतिक-कूटनीतिक संधि हुई है, पर हर इंसान उनकी तरह खुशकिस्मत नहीं रहेगा। यह भी ध्यान रहे कि वह तभी छूट सके हैं, जब उन्होंने खुद को दोषी मान लिया है, अमेरिका भी इस बात से खुश है कि उसके लगाए गए आरोप साबित हुए हैं।

# कुल 60 लोगों से इस महिला ने रचाई शादी!

**जरा हट के**

जब भी कोई व्यक्ति शादी के बारे में सोचता है, तो वो ऐसे शख्स का चुनाव करना चाहता है, जिससे उसकी सोच मिले, जसके साथ वो खुश रहता हो और जिसे वो अपने जीवनसाथी के तौर पर देख सके. पर सोचिए कि अगर आपकी जिंदगी में इन खूबियों वाले एक से ज्यादा लोग हों तो आप क्या करेंगे? बेशक आप उनमें से किसी एक को ही चुनेंगे, पर ऑस्ट्रेलिया की एक महिला ने एक-दो को नहीं, पूरे 60 लोगों को चुना और उसने उन 60 लोगों से एक साथ शादी कर ली.





द सन वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार 40 साल की कार्ली सारे एक वेडिंग फोटोग्राफर हैं. उन्होंने दर्जनों लोगों की शादियों में फोटोज खीची हैं. उन्होंने उन लोगों को साथ कसमें खाते, प्यार जताते और एक बंधन में बंधते देखा है. पर जब उनकी बारी आई, तो उन्होंने किसी एक को अपना जीवनसाथी नहीं चुना, बल्कि एक साथ 60 लोगों को चुना और उनसे शादी कर ली. दरअसल, ये 60 लोग कार्ली के सबसे जिगरी दोस्त हैं जो उनके जीवन में बहुत अहमियत रखते हैं.

रिपोर्ट के अनुसार कार्ली को शादी का कॉन्स्पेट ठीक नहीं लगता. उन्हें ये नहीं अच्छा लगता कि लोग किसी एक आदमी के नाम जिंदगी कर देते हैं और उसी के साथ जीते हैं. वो एक से ज्यादा लोगों के लिए जीना चाहती हैं और ज्यादा पार्टनर्स के साथ रहना चाहती हैं, बस इसी वजह से उन्होंने इतने दोस्तों को चुना, जिसमें पुरुष और स्त्रियां दोनों ही शामिल हैं. इस वजह से उनका ये कारण लोगों को अजीब भी लगता है. हालांकि, उन्हें दूसरों की परवाह नहीं है. शादी के जश्न ने उन्होंने खूब धूमधाम से मनाया.




# आलू का चीला

सुबह के नाश्ते के बाद से लेकर रात के खाने तक, बीच में हमें कई बार भूख का एहसास होता है. तब हम बाहर की ऊट-पटांग चीजें खा लेते हैं. इसलिए हम आपको आज एक टेस्टी और हेल्दी रेसिपी के बारे में बता रहे हैं.

**सामग्री :**

- 1 बड़ा आलू
- 1 चम्मच लहसुन का पेस्ट
- 1/2 चम्मच जीरा पाउडर
- 1/4 चम्मच काली मिर्च
- 1 बड़ा चम्मच मक्के का आटा
- 1 बड़ा चम्मच वनस्पति तेल
- 1/2 मध्यम प्याज
- 1 हरी मिर्च
- 1/2 चम्मच धनिया पाउडर
- 1 बड़ा चम्मच बेसन
- नमक आवश्यकतानुसार

**विधि :** सबसे पहले आलू को धोकर छील लीजिये. अब इसे अच्छे से कद्दूकस कर लें और एक



बाउल में इकट्ठा कर लें. इसमें 2 कप पानी डालें और कद्दूकस किए हुए आलू को 15 मिनट तक भीगा रहने दें. इससे इसमें से अतिरिक्त स्टार्च को हटाने में मदद मिलेगी. 15 मिनट के बाद, एक्स्ट्रा पानी निचोड़ लें और आलू को दूसरे कटोरे में इकट्ठा कर लें.

अब बाकी सभी सामग्रियां जैसे कटा हुआ प्याज, हरी मिर्च, लहसुन का पेस्ट, काली मिर्च पाउडर, नमक, धनिया पाउडर, जीरा पाउडर, बेसन और कॉर्नफ्लोर डालें. मिश्रण तैयार करने के लिए अच्छी तरह मिला लें.

एक नॉन-स्टिक तवे पर तेल की कुछ बूंदें छिड़कें और तैयार मिश्रण का आधा हिस्सा उस पर फैलाएं. गोलाकार और पतला चीला बनाने के लिए अच्छी तरह फैलाएं. दोनों तरफ से सुनहरा भूरा होने तक पकाएं. बचे हुए मिश्रण से एक और चीला बना लीजिये.

आलू चीला को टमाटर केचप या हरी पुदीने की चटनी के साथ परोसें. बस आपका टेस्टी और हेल्दी आलू चीला खाने के लिए बिल्कुल तैयार है.

## आज का राशिफल

**मेष** : भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। निवेश शुभ रहेगा। भाग्य का साथ रहेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृषभ** : मान-सम्मान मिलेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी मांगलिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड में सोच-समझकर हाथ डालें।

**मिथुन** : व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। समय का अपव्यय होगा। दूर से दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। विवाद से क्लेश होगा। काम में मन नहीं लगेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी व्यक्ति विशेष से अनबन हो सकती है। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**कर्क** : कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। धनार्जन होगा।

**सिंह** : शत्रु शांत रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। घर में प्रतिष्ठित अतिथियों का आगमन हो सकता है। व्यय होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आय बनी रहेगी। दुष्टजनों से दूर रहें। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**कन्या** : भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार प्राप्ति सहज ही होगी। व्यावसायिक यात्रा से लाभ होगा। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। निवेशादि शुभ रहेंगे। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। किसी बड़ी समस्या का हल प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें।

**तुला** : व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। शत्रु शांत रहेंगे। ऐश्वर्य पर खर्च होगा। मान-सम्मान मिलेगा। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे।

**वृश्चिक** : प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। शुभ समाचार मिल सकता है। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय रहेगा। लेन-देन में सावधानी रखें। चिंता रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा।

**धनु** : आराम का समय मिलेगा। आशंका-कुशंका रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। कारोबारी नए अनुबंध हो सकते हैं, प्रयास करें। आय में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी।

**मकर** : यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। राजभय रहेगा। जल्दबाजी व विवाद करने से बचें। थकान महसूस होगी। किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल रहेंगे। धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। पूजा-पाठ में मन लगेगा। प्रसन्नता रहेगी।

**कुंभ** : आज मान-सम्मान के योग बनेंगे। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक शिथिलता रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। किसी अपने का व्यवहार प्रतिकूल रहेगा। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। नौकरी में अधिकारी की नाराजी झेलना पड़ेगी।

**मीन** : कष्ट, भय व चिंता का वातावरण बन सकता है। विवेक से कार्य करें। समस्या दूर होगी। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल बनेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कारोबारी लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में शांति रहेगी। सहकर्मियों का साथ मिलेगा। धनार्जन होगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# बरसात में घर को साफ और स्मेल फ्री रखने के उपाय

बरसात का सीजन कई मायनों में जहां मजा और मस्ती लेकर आता है, वहीं इसके साथ ही कई मुसीबतों को भी लाता है. अपने घर को सबसे सुंदर सजाने की चाह हर किसी की होती है. सभी लोग अपने घर को साफ और सजाकर रखते हैं. ऐसे में अगर आपके घर कोई गेस्ट आएं और आपके घर की तारीफ कर के जाएं तो आपको बेहद खुशी मिलती है. हम अपने घर को कैसे डेकोरेट करते हैं, वह हमारी ही लाइफस्टाइल और रहन-सहन को दर्शाता है. लेकिन बारिश के मौके पर आप कितना भी चाहे कभी-कभी आपका घर गंदा हो ही जाता है. इस मौसम में नमी होने के कारण बैक्टीरिया और कीटाणु भी उत्पन्न हो जाते हैं. जिसकी वजह से कई बीमारियां होने का खतरा भी बढ़ जाता है. यहां हम आज आपके लिए कुछ ऐसे ही टिप्स लेकर आए हैं, जिससे बारिश के दिनों में भी आप अपना घर क्लीन और स्मेल फ्री रख सकते हैं. जिससे हर कोई आपसे आपके साफ घर का राज पूछेगा. तो आइए जानते हैं.

### 1. घर के फर्श को सूखा रखें

मानसून में घर को साफ-सुथरा रखना किसी चैलेंज से कम नहीं होता है. बारिश के कारण जहां घरों में सीलन और दीमक लगने का खतरा रहता है. बाहर की कीचड़-मिट्टी से घर काफी गंदा हो जाता है. अगर आप चाहें, तो डोर मैट, पेस्ट कंट्रोल, कपूर और इलाइची की मदद से घर को साफ रखने के साथ-साथ जर्म्स और स्मेल फ्री रखा जा सकता है. बारिश के दौरान घर का फ्लोर गीला होने पर इसमें नमी आने लगती है. जिससे न सिर्फ फ्लोर जल्दी खराब होता है बल्कि घर में सीलन आने का खतरा भी बना रहता है. कोशिश करें की आपके घर का फर्श सूखा रहे, इससे घर स्मेल फ्री रहेगा.



### 2. डोर मैट जरूर बिछाएं

मानसून में घर को क्लीन रखने के लिए घर के सभी कमरों में डोर मैट जरूर बिछाएं. बारिश के मौसम में अक्सर घर के बाहर रहने पर पैर सबसे ज्यादा गंदे होते हैं. ऐसे में घर के दरवाजे पर डोर मैट न होने पर लोग बाहर के गंदे पैर लेकर घर में प्रवेश कर लेते हैं. जिससे कीचड़ के साथ-साथ जर्म्स भी घर में आ जाते हैं. इसलिए मानसून में घर के दरवाजे पर डोर मैट बिछाएं. घर के सदस्यों को पैर पोंछ कर ही अंदर आने की सलाह दें.

### 3. सीलन को करें लॉक

बारिश में सीलन आना आम बात है. बरसात में नमी बढ़ने के चलते अक्सर घरों में सीलन आने लगती है. जिसके कारण घर के फर्नीचर पर दीमक लगने शुरू हो जाते हैं. ऐसे में मानसून के दौरान घर में सीलन आने से रोकें. साथ ही घर के सभी कोनों में समय-समय पर टरमाइट और पेस्ट कंट्रोल का छिड़काव करवाना न भूलें.

### 4. कपड़ों के साथ रखें कपूर

बारिश में कपड़ों के साथ कपूर जरूर रखें. बरसात की सीलन का असर अलमारी में रखे कपड़ों पर भी पड़ सकता है. बरसात में अक्सर कपड़ों से बदबू आने लगती है. साथ ही कपड़ों में कीड़े भी लग सकते हैं. इसलिए आप अलमारी में कपूर, नीम और इलाइची रखकर कपड़ों को सुरक्षित रख सकते हैं.

### 5. वैक्यूम क्लीनर का करें इस्तेमाल

घर को साफ-सुथरा और स्मैल फ्री रखने के लिए घर में रखी चीजों को भी साफ रखें. इसके लिए आप वैक्यूम क्लीनर का इस्तेमाल कर सकते हैं. सोफे, मैट और बिस्तर की बदबू दूर करने के लिए इनमें धूप दिखाना न भूलें. फर्नीचर को घर में इधर-उधर करते रहना चाहिए. ऐसा करने से घर के हर कोने की साफ-सफाई होती रहेगी और गंदगी नहीं रहेगी. इस प्रकार आप अपने घर में मौजूद बैक्टीरिया और कीटाणुओं को नष्ट करने में सफल रहेंगे.

# मानसून में फॉलो करें ये आसान टिप्स

## बारिश में हेयरफॉल अब नहीं करेगा परेशान

हर इंसान की ख्वाहिश होती है कि उसके बाल सिल्की, सॉफ्ट और शाइनी दिखें. इसके लिए वो तरह-तरह के प्रयोग भी करता रहता है. मानसून में बालों की देखभाल करना थोड़ा मुश्किल हो जाता है. बढ़ी हुई नमी और बारिश के पानी से कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं. कई लोगों को डैंड्रफ, स्कैल्प इन्फेक्शन से परेशान होना पड़ता है. तो वहीं अधिकांश लोगों को हेयरफॉल होना शुरू हो जाता है. हर महिला लंबे और घने बालों की चाहत रखती है. मौसम बदलते ही बालों से जुड़ी कई समस्याएं सामने आने लगती है. खासकर मानसून में बालों का टूटना बहुत बढ़ जाता है. सही देखभाल के साथ आप मानसून के दौरान अपने बालों को स्वस्थ रख सकते हैं. यहां आपके लिए कुछ ऐसे टिप्स दिए गए हैं जिनको फॉलो करने से बारिश में हेयरफॉल होने से बच सकती हैं.

### गर्म पानी का इस्तेमाल न करें

समय-समय पर अपने बालों को धोते रहें. ताकि दिनचर्या के दौरान जमा धूल, पसीना और अतिरिक्त तेल हटता रहे. अपने बालों के प्रकार के अनुसार एक हल्का शैम्पू उपयोग करें. बालों को धोने के लिए गर्म पानी का इस्तेमाल न करें. क्योंकि यह आपके बालों के प्राकृतिक तेलों को हटा सकता है. इससे आपके बाल कमजोर हो सकते हैं. बालों को अधिक घिसने या तेजी से तौलिए से रगड़ने से बचें. क्योंकि यह बाल टूटने का कारण बन सकता है. एक मुलायम तौलिये से अपने बालों को कोमलता से सुखाएं.

### कंडीशनर लगाना न भूलें

शैम्पू करने के बाद बालों में कंडीशनर लगाना न भूलें. कंडीशनर आपके बालों में नमी बनाए रखने में मदद करता है. इससे बाल कम उलझते हैं और उनके टूटने का खतरा कम रहता है. कंडीशनर लगाते समय अपने बालों की लंबाई पर ध्यान देना चाहिए. सही मात्रा में ही इसका प्रयोग करें.

### बारिश में स्टाइलिंग प्रोडक्ट्स से बचें

मानसून के दौरान



बालों को ज्यादा स्टाइलिंग प्रोडक्ट्स का यूज न करें. जेल, क्रीम या सीरम का कम से कम ही प्रयोग करें. क्योंकि ये आपके बालों को भारी बना सकते हैं. उन्हें ऑयली बना सकते हैं. जिससे बाल चिपचिपे हो जाएंगे. इसके बजाय हल्के उत्पादों या प्राकृतिक उपचार का उपयोग करें. ब्लो ड्रायर, स्ट्रेटनर और कर्लिंग आयरन जैसे गर्म स्टाइलिंग उपकरणों का उपयोग कम करें. इससे आपके बालों के टूटने की संभावना ज्यादा होती है. बालों को टूटने से बचाने के लिए नियमित रूप से बालों को ट्रिम करवाते रहें. ट्रिम करने से आपके बालों की हालत अच्छी बनी रहेगी. ट्रिम करने से आपके बालों का आकार और स्टाइल बनाए रखने में भी मदद मिलती है.

### वाइड-टूथ्ड कॉम्ब से सुलझाएं बाल

गीले बालों के टूटने की ज्यादा संभावना होती है. इसलिए अपने बालों को ढंग से सुलझाने के लिए वाइड-टूथ्ड कॉम्ब का उपयोग करें. नम बालों को ब्रश न करें क्योंकि यह बालों के झड़ने का कारण बन सकता है अगर आप बारिश में बाहर जा रहे हैं, तो अपने बालों को स्कार्फ, टोपी या छाता से ढकने की कोशिश करें. बारिश के पानी में प्रदूषक हो सकते हैं. यह आपके बालों को बेजान और फिज़्ज़ी बना सकता है.

स्वस्थ बालों के लिए पोषण से भरपूर आहार लें. फल, सब्जियां, साबुत अनाज, कम चर्बी वाले प्रोटीन और स्वस्थ तेल जैसे पोषक तत्वों से भरपूर भोजन अपनी डाइट में शामिल करें. पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं. अपने शरीर को हाइड्रेटेड रखें. नियमित तेल मालिश से आपके बालों को पोषण मिलता है. इससे बाल स्वस्थ रखते हैं. गर्म तेल (नारियल, बादाम या जैतून का तेल) से अपने स्कैल्प की मालिश करें. इसे कुछ घंटों या रात भर शैम्पू करने से पहले छोड़ दें. इससे बाल मजबूत होंगे.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### किन्नरों ने बेहोश कर अपने ही रसोइये का कर दिया ऑपरेशन

**इटावा.** यूपी के इटावा में किन्नरों ने अपने ही घर में खाना बनाने वाले मैनपुरी जिले के युवक के साथ कांड कर दिया। किन्नरों ने पहले उसे खाना खिलाकर उसे बेहोश कर दिया, फिर उसका ऑपरेशन करके लिंग परिवर्तन कराकर उसे भी किन्नर बना दिया। इटावा पुलिस ने शिकायत पर कार्रवाई नहीं की तो पीड़ित कोर्ट की शरण में पहुंच गया। कोर्ट के निर्देश पर चार किन्नरों के खिलाफ किशनी पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मैनपुरी के किशनी थाना क्षेत्र के ग्राम धमियापुर निवासी जयहिंद पुत्र पन्नालाल ने कोर्ट में तहरीर देकर शिकायत की कि वह मजदूर है। वह इटावा के किन्नरों के यहां दस हजार रुपये मासिक वेतन पर खाना बनाने का काम करता था। इन किन्नरों ने उसे खाने में कुछ खिला दिया। जिससे वह बेहोश हो गया और 2 अक्टूबर 2022 को ऑपरेशन कराकर लिंग परिवर्तन कराकर उसे किन्नर बना दिया।

### शादी के एक साल बाद भी पति ने नहीं मनाई सुहागरात, थाने पहुंची पत्नी

**गोरखपुर.** शादी के एक साल बाद तक पति सुहागरात के लिए तैयार नहीं हुआ। पत्नी ने संबंध बनाने के लिए दबाव डाला तो झगड़े पर उतारू हो गया। बात यहां तक बढ़ी कि पति ने पत्नी के चरित्र पर ही सवाल उठाना शुरू कर दिया और एक दिन घर से निकाल दिया। अब यह मामला पुलिस के पास पहुंचा है। पत्नी ने रोते हुए बताया कि पति ने अब तक उसके साथ शारीरिक संबंध ही नहीं बनाया है। सुहागरात क्या होती है? वह नहीं जानता है। जानकारी के मुताबिक, कैंपियरगंज इलाके की रहने वाली युवती की शादी एक साल पहले गुलरिहा इलाके के रहने वाले एक प्राइवेट स्कूल के शिक्षक से हुई थी। पत्नी की मानें तो शादी के बाद वह कभी भी उसके पास आया ही नहीं। मामला पुलिस में जाने पर महिला थाने के मीडिएशन सेंटर में दोनों को आमने-सामने बिठाया गया। पति-पत्नी के बीच दूरियों का ये सच सामने आया।

### छात्रा का गर्भपात कराने वाली सहेली भी गिरफ्तार, प्रेमी सरेंडर की तैयारी में

**बरेली.** बरेली में बीए की छात्रा का गर्भपात कराने में आरोपी छात्रा की सहेली को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। लेकिन छात्रा का प्रेमी नहीं पकड़ा जा सका। बताया जा रहा है कि छात्रा का प्रेमी एक नेता की शरण में पहुंच गया है। पुलिस वहां दबिश देने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही। प्रेमी कोर्ट में आत्मसमर्पण की तैयारी कर रहा है। फतेहगंज पूर्वी के गांव की बीए की छात्रा का उसके प्रेमी ने गर्भपात करा दिया। गलत तरीके से गर्भपात कराने पर छात्रा की हालत बिगड़ गई। छात्रा को गंभीर हालत में छोड़कर आरोपी भाग निकले। छात्रा के परिजनों ने बदनामी के डर से मामले को छुपाते हुए प्रेमी के खिलाफ रेप के आरोप का मुकदमा दर्ज कराया। फतेहगंज पूर्वी पुलिस ने नवादा वन निवासी रिजवान, भगवंतपुर गांव के सोनू अंसारी, मोहल्ला मिर्धान का इरफान, नजाकत, बीसलपुर रोड शिव नगर कॉलोनी का मोहित, बक्सरिया मोहल्ले के वीरेश की पत्नी सीमा सिंह को जेल भेज दिया।

# भारत बना T20 विश्व कप चैंपियन

- लगाया ICC ट्रॉफी जीतने का 'SIXER'
- 11 साल का इंतजार खत्म...



टीम इंडिया के आईसीसी ट्रॉफी जीतने का सूखा शनिवार को समाप्त हो गया। भारतीय टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब अपने नाम किया है। खिताबी मैच में साउथ अफ्रीका को हराकर टीम इंडिया 11 साल से चला आ रहा आईसीसी ट्रॉफी जीतने का सूखा समाप्त किया और 2007 के बाद पहली बार टी20 विश्व कप जीता। पिछले 17 साल में भारत ने चार बड़े आईसीसी टूर्नामेंट जीते हैं, जबकि आईसीसी ट्रॉफी जीतने का सिक्सर भी टीम इंडिया ने पूरा कर लिया है। इसके साथ-साथ भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली का सपना भी पूरा हो गया।

विराट कोहली ने अभी तक टी20 वर्ल्ड कप नहीं जीता था, लेकिन करियर के आखिरी पड़ाव पर उन्होंने टी20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया। वे भारतीय टीम के साथ वनडे विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी जीत चुके थे, लेकिन टी20 विश्व कप की ट्रॉफी उनसे दूर थी, लेकिन अब वह भी उनके हाथों में है। इसके अलावा रोहित शर्मा के लिए भी ये विश्व कप की ट्रॉफी किसी सपने से कम नहीं थी, क्योंकि वे कई सालों तक इस ट्रॉफी के लिए एक खिलाड़ी के तौर पर लड़े और फिर कप्तान के तौर पर भी उन्होंने इसके लिए काफी जद्दोजहद की और आखिर में ट्रॉफी हाथ में आ ही गई।

भारतीय टीम सबसे ज्यादा आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाली दुनिया की दूसरी टीम बन गई है। ऑस्ट्रेलिया ने अब तक 10 बार अलग-अलग आईसीसी ट्रॉफी (वनडे विश्व कप 6, टी20 विश्व कप 1, चैंपियंस ट्रॉफी 2 और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 1) जीती हैं, जबकि टीम इंडिया ने छठी आईसीसी ट्रॉफी अपने नाम की है। भारत ने दो वनडे विश्व कप, दो चैंपियंस ट्रॉफी और दो टी20 वर्ल्ड कप जीते हैं। लिस्ट में तीसरे नंबर पर वेस्टइंडीज है, जिसने आईसीसी के पांच खिताब जीते हैं, जिनमें दो वनडे विश्व, दो टी20 विश्व कप और एक चैंपियंस ट्रॉफी शामिल है।

आपको बता दें, टीम इंडिया ने साल 1983 में पहली बार आईसीसी ट्रॉफी पर कब्जा किया था, जब कपिल देव की कप्तानी में भारत ने वनडे विश्व कप जीता था। टीम इंडिया को दूसरे आईसीसी टाइटल के लिए करीब 20 साल इंतजार करना पड़ा। साल 2002 में टीम इंडिया संयुक्त रूप से आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की विजेता बनी थी। वहीं, 2007 में टीम इंडिया ने टी20 वर्ल्ड कप पर कब्जा किया था। इसके चार साल बाद भारत 2011 में वनडे विश्व कप का चैंपियन बना और दो साल बाद 2013 में टीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती। अब 2024 में फिर टी20 विश्व कप जीता है।

## किस टीम को कितनी मिली इनामी राशि

टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब कोई टीम अपराजित रहते हुए ट्रॉफी उठाने में कामयाब रही। रोहित शर्मा एंड कंपनी को इस ताबड़तोड़ परफॉर्मेंस की कीमत फाइनल के बाद प्राइज मनी के रूप में मिली। वहीं खिताबी मुकाबला हारने वाली टीम साउथ अफ्रीका भी इस दौरान करोड़ों रुपए कमा गई। आईए भारतीय रुपयों में जानते हैं टी20 वर्ल्ड कप की प्राइजमनी के बारे में- चैंपियन टीम भारत को फाइनल के बाद 20.4 करोड़ रुपए की प्राइज मनी से नवाजा गया। वहीं हार कर भी साउथ अफ्रीका 1.28 मिलियन डॉलर यानी 10.67 करोड़ की कमाई कर गई। इतना ही नहीं सेमीफाइनल में पहुंची इंग्लैंड और अफगानिस्तान के अलावा टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली अन्य टीमों पर भी पैसों की बरसात हुई। बता दें, आईसीसी ने इस वर्ल्ड कप के लिए कुल 93.7 करोड़ रुपए की प्राइज मनी रखी थी।

भारत और साउथ अफ्रीका के अलावा टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली अफगानिस्तान और इंग्लैंड की टीम को 7,87,500 डॉलर यानी करीब 6.5 करोड़ रुपए की ईनामी राशि से नवाजा जाएगा। वहीं सुपर-8 में इन टॉप-4 टीमों के अलावा जगह बनाने वाली यूएसए, ऑस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज और बांग्लादेश को 3.17 करोड़ रुपए मिलेंगे। टी20 वर्ल्ड कप 2024 में कुल 20 टीमों ने हिस्सा लिया था। 9वें से 12वें पायदान पर रहने वाली टीमों को लगभग 2.06 करोड़ तो 13 से 20वें पायदान पर रहने वाली टीमों को 1.87 करोड़ रुपए की धनराशि से नवाजा जाएगा।

## UP में बीजेपी के प्रदर्शन पर उमा भारती ने कहा-

# जरूरी नहीं कि हर रामभक्त BJP को वोट दे

**भोपाल.** भाजपा की वरिष्ठ नेता उमा भारती ने शनिवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में पार्टी के खराब प्रदर्शन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दोषी नहीं ठहराया जाना चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बाबरी मस्जिद के विध्वंस के बाद भी पार्टी ने राज्य में खराब प्रदर्शन किया था। बता दें कि भगवा पार्टी ने 2024 के लोकसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में से



केवल 33 सीटें जीतीं।


बीजेपी की वरिष्ठ नेता उमा भारती ने ग्वालियर से भोपाल जाते समय शिवपुरी में स्थानीय भाजपा नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान एक संवाददाता के सवाल का जवाब देते हुए भारती ने कहा कि उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव नतीजों के लिए मोदी और योगी को दोष देना ठीक नहीं है। 6 दिसंबर 1992 को बाबरी ढांचा ढहाए जाने के बाद भी बीजेपी हार गई थी। इसके बावजूद हमने अयोध्या में राम मंदिर को अपने एजेंडे से नहीं हटाया। हमने कभी भी अयोध्या को वोट से नहीं जोड़ा। इसी तरह अब हम मथुरा-काशी में धार्मिक स्थलों के विवादों को भी वोट से नहीं जोड़ रहे हैं।

# महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव के लिए BJP ने केंद्र को भेजे 10 नाम

**मुंबई.** लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होते ही महाराष्ट्र में विधान परिषद चुनाव के लिए हलचल बढ़ गई है। राज्य विधान परिषद की 11 सीटों के लिए चुनाव जुलाई महीने में होंगे। इस बीच खबर है कि बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने विधान परिषद के लिए कुछ प्रत्याशियों के नाम का प्रस्ताव केंद्र को भेजा है।

विधान परिषद की 11 सीटों के लिए विधायक ही मतदान करेंगे। महाराष्ट्र विधानसभा में कुल 288 विधायक है। इसमें से 274 विधायक मतदान कर सकेंगे। विधानसभा के मौजूदा संख्या बल को देखते हुए महायुति और कांग्रेस के लिए चुनाव आसान होगा, जबकि शिवसेना उद्धव गुट और एनसीपी शरद पवार की राह आसन नहीं होगी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, महाराष्ट्र बीजेपी प्रमुख बावनकुले ने विधान परिषद के लिए जिन नामों का प्रस्ताव केंद्र को भेजा है, उसमें पंकजा मुंडे, रावसाहेब दानवे, चित्रा वाघ, अमित गोरखे, परिणय फुके, सुधाकर कोहले, योगेश टिलेकर, निलय नाईक, हर्षवर्धन



पाटील और माधवी नाईक का नाम शामिल है।

### विधान परिषद चुनाव का समझें गणित

अगले महीने 11 सीटों के लिए विधान परिषद चुनाव होंगे। उसके लिए सभी पार्टियां गुणा-गणित में जुट गई हैं। विधान परिषद चुनाव को लेकर शिवसेना, बीजेपी, एनसीपी के महायुति गठबंधन और कांग्रेस, एनसीपी (शरद पवार), शिवसेना (उद्धव ठाकरे) के महाविकास अघाड़ी गठबंधन में काफी उठापटक देखी जा रही है. शिवसेना (UBT) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने विश्वास जताया है कि महाविकास अघाड़ी को 11 में से तीन सीटें मिलेंगी। उन्होंने महायुति के विधायकों के टूटने का भी संकेत दिया है।

### विधानसभा में किसकी कितनी ताकत?

विधानसभा संख्याबल- 274

| महायुति | |
|---|---|
| बीजेपी | 103 |
| शिंदे सेना | 37 |
| राष्ट्रवादी (अजित पवार) | 39 |
| छोटे दल | 9 |
| निर्दलीय | 13 |
| कुल | 201 |
| **महाविकास आघाडी** | |
| कांग्रेस | 37 |
| ठाकरे गुट | 15 |
| राष्ट्रवादी (शरद पवार) | 13 |
| शेकाप | 1 |
| निर्दलीय | 1 |
| कुल | 67 |
| **कुल- 6 विधायक तटस्थ** | |
| AIMIM | 2 |
| सपा | 2 |
| माकपा | 1 |
| क्रां.शे.प. | 1 |

# जयपुर के डी मार्ट में बेचा जा रहा था नकली घी

- मिलावट की शिकायत पर छापा मारा था

**जयपुर.** जयपुर में फेमस सुपर मार्केट चेन डी मार्ट में नकली घी बेचा जा रहा है। फूड एंड सेफ्टी डिपार्टमेंट की टीम ने डी मार्ट स्टोर के गोदाम से सरस और प्रो वैदिक ब्रांड के नकली घी के पैकेट बरामद किए हैं। घी के ये पैकेट स्टोर में बेचने के लिए रखे थे। काफी पैकेट पहले ही बेचे जा चुके थे। टीम ने सरस का 40 लीटर और प्रो वैदिक ब्रांड का 450 लीटर घी जब्त किया



है। नकली घी बरामद होने के बाद डिपार्टमेंट ने एक दूसरी टीम सप्लाई करने वाले डिस्ट्रीब्यूटर के ठिकाने पर भी भेजी।

फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट के अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया- हमें एक व्यक्ति ने डी मार्ट में बिकने वाले ब्रांड प्रो वैदिक घी में मिलावट होने की शिकायत की थी। इस पर टीम ने मालवीय नगर में अपेक्स सर्किल के पास स्थित स्टोर पर छापा मारा। प्रो वैदिक घी के सैंपल हमने लैब में भिजवा दिए।

यहां हमें सरस समेत दूसरे ब्रांड के घी के पैकेट भी दिखे। सरस घी के कार्टन को जब खोला तो उसमें एक ही बैच नंबर और सीरीज के कई पैकेट मिले। शक होने पर हमने सरस डेयरी से मार्केटिंग टीम को बुलाया।

- नकली घी कुकर खेड़ा से होता है सप्लाई

पंकज ओझा ने बताया- जयपुर सरस डेयरी की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घी के बैच को देखते ही नकली बता दिया। हमने जब जांच की तो पता चला कि हर कार्टन में 25 फीसदी पैकेट नकली हैं। हर कार्टन में घी के 12 पैकेट हैं तो उसमें 3 से 4 पैकेट नकली घी के हैं। जो सरस ब्रांड की मिलती-जुलती पैकिंग में थे। ओझा ने बताया- जब स्टोर के मैनेजर से बात की तो उन्होंने बताया कि ये घी उन्हें कुकर खेड़ा स्थित एक डिस्ट्रीब्यूटर सप्लाई करता है।

# जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने आर्मी चीफ का चार्ज लिया



- रिटायरमेंट से पहले जनरल मनोज पांडे को गार्ड ऑफ ऑनर
- 26 महीने पद पर रहे

**नई दिल्ली.** जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने रविवार (30 जून) को नए आर्मी चीफ का चार्ज संभाला। जनरल द्विवेदी 30वें सेना प्रमुख हैं। वे इसी साल 19 फरवरी को वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बने थे। आर्मी चीफ बनने पर द्विवेदी लेफ्टिनेंट जनरल से जनरल रैंक पर प्रमोट हुए हैं। भारत सरकार ने 11 जून की रात उन्हें आर्मी चीफ बनाने का ऐलान किया था। इससे पहले वे सेना के वाइस चीफ, नॉर्दर्न आर्मी कमांडर, DG इन्फेंट्री और सेना में कई अन्य कमांड के प्रमुख के रूप में काम कर चुके हैं।

जनरल द्विवेदी ने आर्मी चीफ के तौर पर जनरल मनोज पांडे की जगह ली है। जनरल मनोज पांडे आज ही रिटायर हुए हैं। लास्ट वर्किंग डे पर सेना की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वे 26 महीने तक आर्मी चीफ रहे।

### मनोज पांडे को एक महीने का एक्सटेंशन दिया था

रिटायर्ड जनरल मनोज पांडे 31 मई को रिटायर होने वाले थे। हालांकि, सरकार ने पिछले महीने उनका कार्यकाल एक महीने के लिए बढ़ा दिया था। 25 मई को उन्हें एक्सटेंशन देने की घोषणा हुई थी।आम तौर पर सेना में इस तरह के फैसले नहीं लिए जाते।

इस कदम से अटकलें लगाई जाने लगी थीं कि जनरल द्विवेदी को सेना की टॉप पोस्ट के लिए नजर अंदाज किया जा सकता है। लेकिन सरकार के ऐलान के साथ ही इन सभी अटकलों पर विराम लग गया।

## बंगाल में महिला को तालिबानी सजा

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल में सड़क पर एक व्यक्ति की ओर से महिला सहित 2 लोगों की पिटाई का मामला सामने आया है। विपक्ष ने इसे लेकर ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी सरकार पर तीखा हमला बोला है। विपक्षी दलों सीपीएम और बीजेपी की ओर से बताया गया कि यह वीडियो बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले का है। विपक्षी नेताओं के मुताबिक, हमलावर स्थानीय निवासी है जिसका नाम तजम्मुल है जिसके तृणमूल कांग्रेस से संबंध हैं। वह लोकल मसलों पर 'त्वरित न्याय' के लिए जाना जाता है।

# बिना चेहरे के चुनाव लड़ेगा एमवीए

## शरद पवार ने कहा- सामूहिक नेतृत्व ही गठबंधन का फार्मूला

**मुंबई.** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने आगामी विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने की मांग को खारिज कर दिया है। उन्होंने शनिवार को कहा कि महाराष्ट्र में विपक्षी दलों के गठबंधन महा विकास आघाड़ी (एमवीए) का फार्मूला ही सामूहिक नेतृत्व है। ऐसे में मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं किया जाएगा। इससे शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे की उम्मीदों पर पानी फिर गया है।

शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत लगातार मांग कर रहे हैं कि अक्तूबर में होने वाले राज्य विधानसभा के चुनाव से पूर्व



मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किया जाना चाहिए। राउत चाहते हैं कि पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को चेहरा बनाया जाए। क्योंकि बिना चेहरे के महाराष्ट्र में चुनाव लड़ना एमवीए के लिए खतरनाक होगा। लेकिन, शरद पवार ने यह कहकर उनकी हवा निकाल दी है कि कोई एक व्यक्ति हमारे मुख्यमंत्री पद का चेहरा नहीं बन सकता। शरद पवार महाराष्ट्र में एमवीए के शिल्पकार माने जाते हैं। उन्होंने ही शिवसेना और कांग्रेस को एक साथ लाकर साल 2019 में राज्य में उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। लोकसभा में अच्छे प्रदर्शन के बाद एमवीए का आत्मबल बढ़ा है। इसलिए एमवीए के नेता दावा कर रहे हैं कि विधानसभा चुनाव में 288 में से 155 सीटों पर भाजपा हारी है। इन सीटों पर एमवीए विजयी होगी और राज्य में सरकार बनाएगी।

### बिरला की टिप्पणी गरिमा के अनुरूप नहीं

पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार ने आपातकाल पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की टिप्पणी उचित नहीं थी। यह उनकी गरिमा के अनुरूप नहीं था। पवार ने कहा कि आपातकाल के 50 साल बीत चुके हैं और इंदिरा गांधी अब जीवित नहीं हैं। ऐसे में लोकसभा अध्यक्ष इस मुद्दे को क्यों उठा रहे हैं। क्या राजनीतिक बयान देना अध्यक्ष का काम है। इसलिए मुझे लगता है कि ओम बिरला का बयान उचित नहीं था। पवार ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में भी आपातकाल का जिक्र था जो जरूरी नहीं था।

# पेपर लीक रोकने के लिए सख्त कानून बनायें

- पटोले ने महाराष्ट्र सरकार से कहा

**मुंबई.** महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार को पेपर लीक को रोकने और दोषियों को दंडित करने के लिए एक सख्त कानून बनाना चाहिए। पटोले ने यह भी दावा किया कि अन्य राज्यों के कुछ छात्र फर्जी विकलांगता प्रमाण पत्र के साथ नासिक में नीट परीक्षा में बैठे थे। उन्होंने विधानसभा में कहा कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) में अनियमितताओं की जांच के चलते महाराष्ट्र के लातूर में गिरफ्तारियां हुई हैं। उन्होंने कहा कि पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं से हजारों छात्र प्रभावित होते हैं। पटोले ने सवाल किया कि क्या राज्य सरकार ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पेपर लीक के खिलाफ सख्त कानून बनाएगी। उन्होंने कहा, 'अन्य राज्यों से कुछ छात्र नासिक आए और फर्जी विकलांगता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद नीट की परीक्षा दी। एक तरफ पेपर लीक हो रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ ऐसे छात्र परीक्षा का फायदा उठा रहे हैं। यह छात्रों



के भविष्य का मजाक है। हजारों लोगों ने इस तरह के लीक के खिलाफ नांदेड़ और राज्य के अन्य हिस्सों में विरोध प्रदर्शन किया है।'

छह जून को मुंबई के पवई इलाके में जय भीम नगर स्थित एक भूखंड पर झुग्गियों को ध्वस्त करने पर उन्होंने कहा कि नगर निकाय और पुलिस की इस कार्रवाई के कारण 650 गरीब और पिछड़े परिवार बेघर हो गए हैं।

उन्होंने कहा, 'भले ही 2011 तक झुग्गियों के लिए संरक्षण है और अदालत के आदेश हैं कि बारिश के दौरान ऐसी कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए, फिर भी पुलिस बंदोबस्त का उपयोग करके इन झुग्गियों को क्यों तोड़ा गया । छोटे बच्चों और महिलाओं की पुलिस द्वारा पिटाई के लिए कौन जिम्मेदार है। क्या यह सरकार बिल्डर समर्थक है।'

# NEET विवाद से लेकर महंगाई तक, कई मुद्दों पर सरकार को घेरेगा विपक्ष

- संसद में आज महाभारत तय

**नई दिल्ली.** 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के दूसरे सप्ताह में भाजपा नीत एनडीए सरकार और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक की संभावनाएं हैं। कल यानी 1 जुलाई को संसद की बैठक फिर से शुरू होगी, जिसमें नीट पेपर लीक विवाद, अग्निपथ योजना और महंगाई जैसे मुद्दों पर गर्मागर्म बहस की उम्मीद है। पहसे पत्र के पहले सप्ताह में विपक्ष नीट पेपर लीक विवाद को लेकर सरकार पर हमलावर था। विपक्ष ने मुद्दों पर आगे भी बहस चाहता है।

### राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव

सत्र की शुरुआत राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस से होगी। भाजपा हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर इस बहस की शुरुआत करेंगे, जबकि भाजपा की दिवंगत नेता सुषमा स्वराज की बेटी और पहली बार सांसद बनीं बांसुरी स्वराज भी इस बहस में हिस्सा लेंगी। लोकसभा में इस बहस के लिए 16 घंटे आवंटित किए गए हैं, जो मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जवाब के साथ समाप्त होगा। वहीं, राज्यसभा में बहस के लिए 21 घंटे आवंटित किए गए हैं, जिसमें प्रधानमंत्री बुधवार को



शामिल हो सकते हैं।

### नीट-यूपी पेपर लीक पर विपक्ष ने सरकार को घेरा

संसद सत्र के पहले हफ्ते में विपक्षी दलों ने नीट-यूपी परीक्षा लीक मामले को लेकर जोरदार हंगामा किया। शुक्रवार को लोकसभा और राज्यसभा दोनों में कई बार कार्यवाही स्थगित हुई। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने नीट-यूपी विवाद पर बहस की मांग की, लेकिन स्पीकर ने यह कहते हुए अनुरोध को खारिज कर दिया कि जब सदन को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव लेना है, तो किसी अन्य मुद्दे पर चर्चा का कोई प्रावधान नहीं है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नीट-यूपी मुद्दे को उठाने की कोशिश की, लेकिन उनका माइक बंद होने के बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया। कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा, ₹देश में लगातार पेपर लीक होने से युवाओं का भविष्य खराब हो रहा है। हमने इस पर चर्चा की मांग की थी और जब सदन में यह मुद्दा उठाया गया तो माइक बंद कर दिया गया।₹

## सार्वजनिक नोटिस

मैं, दिलीप रामचन्द्र जयसिंघानी, एतद्वारा घोषणा करता हूँ कि, स्थित:- उल्हासनगर-2, बैरक नं. 557, कमरा नं. 1, शहर सर्वेक्षण क्रमांक 10468, कुल क्षेत्र 180.2 वर्ग मीटर। यह आय टाउन लैंड सर्वे ऑफिस उल्हासनगर के आय पत्रक पर भूमि स्वामी हरिलाल जेसुमल वलेचा के नाम पर दर्ज है। उक्त आय का मूल सनद धारक जाधव जीवा राठौड़ है और जांच के समय उक्त आय भीकमदास भगवानदास जग्यासी उर्फ केसवानी के नाम पर दर्ज की गई है।

लेकिन आय विवरण में हरिलाल जेसुमल वलेचा का नाम दर्ज किया गया है. और आय विवरण पर क्षेत्र 180.2 वर्ग मी. दायर किया गया है और पावर प्रकार बी निर्दिष्ट किया गया है। आय विवरण में क्रेता का नाम दर्ज नहीं किया गया है। उक्त जाधव भिवा राठौड़ से प्राप्त आय को चेतनदास कौकमल ने क्रय विलेख 581/1968 में दर्ज किया था। इसके बाद चेतनदास कौकमल की उक्त आय को भीकनदास भगवानदास जग्यासी उर्फ केसवानी ने क्रय 1403/1983 अनुसार पत्र में दर्ज कर लिया। उक्त भीकनदास भगवानदास जग्यासी की मृत्यु के बाद, उक्त आय उनके पुत्र सुभाष भीकमदास जग्यासी से हर्षा ए गोहेजा व हितेश गोहेजा को हस्तांतरित कर दी गई। हर्षा ए. गोहेजा और हितेश गोहेजा द्वारा खरीदा गया। उसके बाद हर्ष ए. गोहेजा और हितेश ए. गोहेजा से दिलीप रामचन्द्र जयसिंघानी ने क्रय विलेख 12/2015 द्वारा पंजीकृत किया। उक्त शहर सर्वेक्षण क्रमांक 10468 कुल क्षेत्रफल 57.00 वर्ग मीटर में से क्षेत्रफल. 46.80 वर्ग मीटर दि मेरा नाम खरीद में शामिल है और और यदि उक्त आय पर कोई ऋण, बंधक, दान, दोहरा ऋण, व्यवसाय है, तो इस नोटिस के प्रकाशन से 15 दिनों के भीतर शहर भूमि सर्वेक्षण कार्यालय उल्हासनगर- 5 अथवा जिला भू-अभिलेख कार्यालय ठाणे को लिखित रूप से आपत्ती का आवेदन करें। ध्यान रहे कि 15 दिन के बाद प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सही/-
दिलीप रामचंद्र जयसिंघांनी

## सार्वजनिक नोटिस

मैं विनीता दुर्गादास माखीजा, एतद्वारा घोषणा करती हूं कि मैं उल्हासनगर, शहर सर्वेक्षण क्रमांक 12322, कुल क्षेत्रफल 75.30 वर्ग मीटर यह आय शहरी भूमि सर्वेक्षण कार्यालय उल्हासनगर में आय पत्रक पर भूमि स्वामी की तौर पर हरेश पेसुमल वलेजा के नाम पर दर्ज है। उक्त आय का तात्पर्य बैरक नं. 1235, कमरा नं. 17 का 1/4 हिस्सा साथ ही बैरक नं. 1235, कमरा नं. 18 का 1/2 हिस्सा मेरे पति दुर्गादास चेतनदास मखीजा द्वारा सतरामदास गिरधारीलाल फतेचंदानी से क्रय विलेख पंजीकरण द्वारा क्र. 224 तारीख 01/02/1993 क्रय किया गया है। साथ ही, सतरामदास गिरधारीलाल फतेचंदानी ने उक्त आय क्रय विलेख पंजीकरण क्र. 4001/1991 दिनांक 04/07/1991 क्रय किया गया है। तथा हुंदाराज जगुमल राजानी मूल सनद धारक हैं तथा उन्होंने उक्त आय भारत सरकार की ओर से प्रबंध अधिकारी से खरीदी है। लेकिन शहर सर्वेक्षण क्रमांक 12322 इस पर कुल क्षेत्रफल 75.30 वर्ग मीटर है। इसमें गलती से हरेश पेसुमल वलेजा का नाम शामिल हो गया है. उक्त शहर सर्वेक्षण क्रमांक 12322 कुल क्षेत्रफल. 75.30 में से क्षेत्रफल 43.00 वर्ग मीटर मेरे पति दुर्गादास चेतनदास मखीजा का नाम शामिल होना चाहिए और यदि उक्त आय पर कोई ऋण, बंधक, दान, दोहरा ऋण, व्यवसाय है, तो इस नोटिस के प्रकाशन से 15 दिनों के भीतर शहर भूमि सर्वेक्षण कार्यालय उल्हासनगर-5 अथवा जिला भू-अभिलेख कार्यालय ठाणे को लिखित रूप से आपत्ती का आवेदन करें। ध्यान रहे कि 15 दिन के बाद प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सही/-
विनीता दुर्गादास माखीजा

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक



**संक्षेप...**

### सोने का सिक्के व नकदी चोरी.

**भिवंडी.** पदमा नगर, मेरगु सत्या बिल्डिंग निवासी साईकिरण नरसय्या पुन्ना के बंद दरवाजे की कुंडी रात में तोड़कर घर में प्रवेश किया और घर में रखे 20 ग्राम वजन के दो सोने के सिक्के व नकदी कुल 1,39,000 रूपये का मुद्देमाल चोरी कर लिया. जानकारी मिलने पर घर मालिक पुन्ना ने इसकी शिकायत भिवंडी शहर पुलिस थाना में दर्ज कराया है. पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया है. आगे की जांच पुलिस उप निरीक्षक पाटिल कर रहे हैं.

# महिलाओं को मिलेंगे हर महीने 1500 रुपए

- **पांच लोगों के परिवार को तीन गैस सिलेंडर मुफ्त**

**मुंबई.** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और वित्त मंत्री अजीत पवार ने राज्य सरकार का वित्त वर्ष 2024-25 का बजट पेश किया है. विधानसभा चुनाव से पहले आखिरी बजट में वित्त मंत्री ने 21 से 60 साल की महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपए देने की घोषणा की है. इस योजना को 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन' नाम दिया गया है. यही नहीं, महिलाओं को मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना के तहत हर साल तीन मुफ्त गैस सिलेंडर दिए जाएंगे. इसके लिए राज्य के खजाने पर सालाना 46 हजार करोड़ रुपए का बोझ पड़ेगा.

जुलाई से लागू होगी मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना

महाराष्ट्र के वित्त मंत्री अजीत पवार ने बजट भाषण में कहा कि ''मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन (मेरी प्यारी बहन) योजना' को जुलाई महीने से लागू किया



जाएगा. राज्य में अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव से चार महीने पहले इसे लागू किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि योजना के लिए सालाना बजटीय आवंटन 46,000 करोड़ रुपये किया जाएगा. एक अन्य कल्याणकारी योजना की घोषणा करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि 'मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना' के तहत पांच सदस्यों के पात्र परिवार को हर साल तीन रसोई गैस सिलेंडर मुफ्त मिलेंगे.' वित्त मंत्री अजीत पवार ने अपने बजट भाषण में कहा कि राज्य में 44 लाख किसानों का बिजली बिल का बकाया माफ किया जाएगा. हम पांच हजार रुपए प्रति हेक्टेयर बोनस देंगे. इसके अलावा दूध उत्पादकों को भी पांच रुपए प्रति लीटर बोनस देंगे. इसके अलावा 1 जुलाई 2024 के बाद से सरकार ने जानवरों के हमले से होने वाली मौतों पर भी आर्थिक मदद बढ़ा दी है. जानवरों के हमले से जिनकी मौत हुई है, उन्हें 20 लाख की जगह 25 लाख रुपए बतौर मुआवजा मिलेंगे.

आपको बता दें कि महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल इस साल खत्म हो रहा है. लोकसभा चुनाव में लचर प्रदर्शन के बाद भाजपा, शिवसेना (शिंदे गुट), एनसीपी (अजीत) के गठबंधन महायुति ने चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है. भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने केंद भूपेंद्र यादव को महाराष्ट्र का प्रभारी बनाया है. इसके अलावा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को राज्य का सह प्रभारी बनाया है. लोकसभा चुनाव 2024 में महाराष्ट्र की 48 सीट में से एनडीए को 17 और इंडी गठबंधन को 30 सीटें मिली थी. एक सीट अन्य के खाते में गई थी.

## सभी धर्मों के बुजुर्गों के लिए तीर्थ योजना का एलान

**मुंबई.** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को सभी धर्मों के वरिष्ठ नागरिकों के लिए तीर्थयात्रा योजना 'मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना' का एलान किया है। उन्होंने कहा कि यह योजना उन बुजुर्गों की मदद करेगी जो खुद तीर्थ स्थल नहीं जा पाते हैं।

शिंदे ने शिवसेना विधायक प्रताप सरनाइक के प्रस्ताव का जवाब देते हुए राज्य विधानसभा में यह घोषणा की। सीएम ने कहा, 'मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना सभी धर्मों के वरिष्ठ नागरिकों के लिए होगी।'

उन्होंने कहा कि योजना के लिए नियम बनाए जाएंगे और सरकार सभी धर्मों के वरिष्ठ नागरिकों की तीर्थयात्रा की सुविधा प्रदान करेगी जो अपने दम पर ऐसा करने में असमर्थ हैं।

### सरनाइक ने की मांग


सरनाइक ने अपनी मांग में कहा कि वरिष्ठ नागरिक वित्तीय समस्याओं के कारण तीर्थयात्रा पर जाने का अपना सपना पूरा नहीं पाते हैं या उनके साथ जाने वाला कोई नहीं होता है। कई बार उन्हें इस बारे में भी कोई जानकारी नहीं होती है कि वे तीर्थयात्रा के लिए कैसे जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक योजना शुरू करनी चाहिए और इसमें सभी धर्मों के तीर्थ स्थलों को शामिल करना चाहिए।

## महाराष्ट्र सरकार ने मेडिकल और इंजीनियरिंग कोर्स की फीस की माफ

- **20 लाख से अधिक छात्राओं को मिलेगा फायदा!**

**मुंबई.** महाराष्ट्र सरकार ने राज्य के कॉलेजों में मेडिकल और इंजीनियरिंग कोर्स करने की इच्छुक छात्राओं के लिए एकेडमिक फीस माफ करने का फैसला किया है. हालांकि, यह उन छात्राओं के लिए लागू है, जिनके परिवार की वार्षिक आय 8 लाख रुपये से कम है. इस योजना से राज्य में 20 लाख से अधिक छात्राओं को लाभ मिलने की उम्मीद है.

फरवरी में, महाराष्ट्र के उच्च और तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने घोषणा की है कि इसी कैटेगरी में 50 प्रतिशत एकेडमिक फीस माफ की गई थी, जिसे अब बढ़ाकर 100 प्रतिशत कर दिया गया है. पाटिल ने कहा कि विश्वविद्यालयों को यह सुनिश्चित करने का प्रयास करना चाहिए कि अधिक से अधिक छात्राएं विभिन्न क्षेत्रों में हायर एजुकेशन कोर्स में एडमिशन लें और उन्होंने कुलपतियों से इसके समर्थन में विशेष अभियान चलाने का आग्रह किया, जिसमें विश्वविद्यालयों द्वारा समय पर रिजल्ट घोषित करने के महत्व पर प्रकाश डाला गया. इस बीच,



लगभग 200 उम्मीदवारों और अभिभावकों ने MHT CET 2024 के प्रश्नपत्रों और आंसर की के बारे में महाराष्ट्र CET सेल, मुंबई कार्यालय में आपत्तियां दर्ज कराई थीं. इसके बाद, MHT CET के आयुक्त दिलीप सरदेसाई ने कहा कि छात्रों और उनके अभिभावकों को अफवाहों पर विश्वास नहीं करना चाहिए, क्योंकि उठाई गई सभी आपत्तियों का समाधान कर दिया गया है. उन्होंने यह भी कहा कि श्यह आपत्ति कि उम्मीदवारों को उनके द्वारा उपलब्ध कराई गई आंसर की के अनुसार अंक नहीं मिले, यह गलत है. सरदेसाई ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गलत उत्तरों के लिए कोई नेगेटिव मार्किंग नहीं थी, रिजल्ट परसेंटाइल मैथड का उपयोग करके घोषित किए गए थे, और किसी भी उम्मीदवार को ग्रेस मार्क्स नहीं मिले हैं.

## भिवंडी मनपा के रिटायर कर्मचारियों का सम्मान



- **अतिरिक्त आयुक्त विट्ठल डाके ने की सेवा कार्यों की सराहना**

**भिवंडी.** भिवंडी मनपा में कार्यरत 6 कर्मचारी सेवानिवृत्त हो गए. मनपा सेवा से रिटायर होने वालों में भांडारगृह क्लर्क संजय पुण्यार्थी, बांधकाम कार्यालय अधीक्षक अविनाश दोंदे, इंदुमती भगत, शामराव पाटिल, चंद्रकांत वलवी, शोभा वाटवे शामिल हैं. कर्मचारियों का विदाई समारोह मनपा आयुक्त सभागृह में आयोजित किया.

मनपा अतिरिक्त आयुक्त विट्ठल डाके ने सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को शॉल, पुस्तक उपहार और भविष्य निधि संबंधी पत्र देकर सम्मानित किया.बिदाई स्वागत समारोह में अतिरिक्त आयुक्त डाके ने कहा कि,सरकारी सेवा में ड्यूटी अच्छी तरह से पूरा करने के लिए निष्ठा,ईमानदारी बेहद जरूरी होती है.उन्होंने कहा कि मनपा में 1 साल के दौरान करीब 60 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए हैं,जिससे कामकाज बाधित हो रहा है.नये कर्मचारियों की भर्ती नहीं होने से पुराने कर्मचारियों पर दबाव पड़ रहा है.सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियो ने उत्कृष्ट सेवा की है. बिना किसी आरोप-प्रत्यारोप के निष्कलंक सेवानिवृत्त होना भी बड़े सम्मान की बात है.उक्त अवसर पर मनपा प्रभारी उपायुक्त प्रणाली घोंगे, समाज कल्याण विभाग के प्रमुख नितेश चौधरी, जनगणना कार्यालय अधीक्षक स्नेहल पुण्यार्थी, एलबीटी विभाग प्रमुख समीर झवरे, जनसंपर्क अधिकारी मिलिंद पलसुले तथा अन्य कर्मचारी व श्रमिक संघों के प्रतिनिधि भी अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए रिटायर कर्मचारियों की खुशहाली,बेहतर स्वास्थ्य की कामना की.बिदाई समारोह में हुए गौरव से कर्मचारी गदगद हो गए.

## पासपोर्ट सेवा केंद्रों पर भ्रष्टाचार

- **सीबीआई की 33 जगहों पर छापेमारी**
- **लाखों का संदिग्ध लेनदेन**

**मुंबई.** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में भ्रष्टाचार की शिकायत पर सीबीआई की कार्रवाई देखने को मिली है। बता दें कि दो पासपोर्ट सेवा केंद्र में भ्रष्टाचार की शिकायत के बाद सीबीआई की तरफ से महाराष्ट्र में 33 जगहों पर बड़े स्तर पर छापेमारी की गई है। सीबीआई की छापेमारी में मुंबई और नासिक जिले में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान में कई डिजिटल उपकरण, दस्तावेज और अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई।

### सीबीआई ने दर्ज किए थे कुल 12 एफआईआर

अधिकारियों के मुताबिक सीबीआई ने लोअर परेल और मलाड में पासपोर्ट सेवा केंद्र के बिचौलियों और अधिकारियों से जुड़े एक भ्रष्टाचार रैकेट का पर्दाफाश किया है। सीबीआई ने अपनी 12 एफआईआर में 18




एजेंटों और बिचौलियों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है। ये अधिकारी पासपोर्ट सुविधा एजेंटों के साथ नियमित संपर्क में थे।

### बिना दस्तावेज या हेराफेरी करके बनाते थे पासपोर्ट

जानकारी के मुताबिक पासपोर्ट सेवा केंद्र के सभी एजेंट और बिचौलियों अपर्याप्त या अधूरे दस्तावेज के आधार पर या पासपोर्ट आवेदकों के व्यक्तिगत विवरण में हेराफेरी करके पासपोर्ट जारी करने के बदले में अनुचित लाभ प्राप्त करते थे। इस मामले में 26 जून को विदेश मंत्रालय के सतर्कता विभाग के साथ पासपोर्ट सेवा केंद्र में संयुक्त औचक निरीक्षण के दौरान इस भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ। इस दौरान मोबाइल फोन, सोशल मीडिया चैट और यूपीआई भुगतान के विश्लेषण से कई लाख रुपये के संदिग्ध लेनदेन सामने आए हैं।

### विदेश मंत्रालय से मंजूरी के बाद CBI की रेड

अधिकारियों ने बताया कि आरोपी अधिकारी पासपोर्ट सेवा केंद्र में जूनियर और सीनियर पासपोर्ट सहायकों के पद पर हैं। ये कई पासपोर्ट सुविधा एजेंटों और दलालों के साथ मिलीभगत करके काम कर रहे थे और अपने या अपने परिवार के सदस्यों के बैंक खातों में अवैध रूप से पैसे ले रहे थे। वहीं विदेश मंत्रालय से मंजूरी मिलने के बाद सीबीआई ने अधिकारियों और बिचौलियों के खिलाफ 12 एफआईआर दर्ज की।

## राज्यपाल ने किया महेश सुखरामानी को सम्मानित

**उल्हासनगर.** महाराष्ट्र राज्य के महामहिम राज्यपाल रमेश बेस द्वारा महाराष्ट्र राज्य के सिंधी साहित्य अकादमी के कार्य अध्यक्ष महेश सुखरामानी को राष्ट्र सेवा सम्मान 2024 का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कोरोना काल समय में जब लोग घर से नहीं निकल रहे थे उस समय महेश




सुखरामानी ने अपने जान की परवाह न करते हुए कई कोरोना पीड़ितों को उल्हासनगर के अस्पतालों में इलाज के लिए भर्ती करवाया और अपनी सेवा लगातार जारी रखी।

### गायत्री पूजा व सुंदर कांड सुनकर भक्त हुए भावविभोर



**ठाणे.** शिव परिवार की ओर से हर सप्ताह में शिवशांति प्रतिष्ठान के कार्यालय पर संस्थापक एड विनय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आयोजन किया जाता है।इस कार्यक्रम के आयोजक कमलेश मौर्या, जीना चिक्काला, प्रशांत दलाई थे।यह 171 वां सुंदरकांड पाठ व गायत्री पूजा का आयोजन किया गया। शिव परिवार प्रमुख पंडित राम मिलन शुक्ला ने सभी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर संस्कार ट्रस्ट अध्यक्षा लक्ष्मी मोर्या,समाजसेवक दीपक पाठक, अरविंद मिश्रा, आशीष सिंह, चंदन सिंह, सुरेंद्र भारद्वाज, सुनील सिंह आदि उपस्थित थे।

## तालाब में डूबने से 11 वर्षीय छात्र की मौत

**कल्याण.** शुक्रवार को कल्याण पश्चिम में जेल के पीछे कालू-बालू ढाबा के सामने तालाब में डूबने से एक ग्यारह वर्षीय छात्र की दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे से वाड़ेघर पाड़ा में मातम पसरा हुआ है। बताया जाता है कि छठवीं क्लास में पढ़ने वाला प्रथमेश वालके नामक बच्चा शुक्रवार सुबह परनाका स्थित अभिनव विद्यामन्दिर में पढ़ने गया था। स्कूल से दोपहर तक जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने खड़कपाड़ा पुलिस स्टेशन में मिसिंग कम्प्लेन किया। रात में कालू-बालू ढाबा के सामने तालाब से कुछ दूरी पर उसका चप्पल और स्कूली ड्रेस बरामद हुआ। उसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल विभाग के कर्मचारी फौरन



घटनास्थल पर पहुंचकर बच्चे की तलाश शुरू की। तालाब काफी गहरा था, और उसके बगल में कुंआ भी है, इसलिए आसपास में काफी पानी भरा हुआ था। दमकलकर्मियों को शव को ढूंढने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। दमकलकर्मी रात 11 बजे से प्रथमेश की तलाश में लगे थे। फायर ऑफिसर नामदेव चौधरी ने बताया कि शनिवार सुबह बच्चे का शव बरामद कर लिया गया है। परिजनों के अनुसार प्रथमेश छोटा था। उससे बड़ी एक बहन है। वालके परिवार मूलतः महाराष्ट्र के हिंगोली जिले का रहने वाला है, और कल्याण के वाड़ेघर पाड़ा में रहकर मेहनत मजदूरी कर बच्चों को पढ़ा-लिखा रहा था। घटनास्थल पर बच्चे का चप्पल और पहना हुआ स्कूली ड्रेस बरामद हुआ है, लेकिन स्कूली बैग नहीं मिला है। जिसकी जांच की जा रही है।

## पलक तिवारी ने सोशल मीडिया पर शेयर की फोटो



टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी कई बार अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं। अफवाहों के चलते उनका नाम सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान से जोड़ा जाता है। रूमर्ड कपल एक बार फिर इसी को लेकर चर्चा में हैं। दरअसल, पलक तिवारी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। इब्राहिम ने उनकी फोटो पर 'लुकिंग गुड' कमेंट किया था। इब्राहिम का कमेंट देखते ही ये बात चर्चा का विषय बन गई। अब सोशल मीडिया यूजर्स इस पर तरह-तरह के रिएक्शन दे रहे हैं।

### सोशल मीडिया यूजर्स के रिएक्शन्स

इब्राहिम के कमेंट पर लोगों ने कहा- हम आपके पूरी फैमिली के फैन हैं, प्लीज पहले सक्सेसफुल हो जाओ। वहीं इन तस्वीरों में जो बैकग्राउंड दिख रहा है उसे देखकर लोगों ने ये भी कयास लगाने शुरू कर दिए हैं कि पलक जहां बैठी हैं, वो तस्वीर पटौदी पैलेस की है। यूजर्स का कहना है कि पलक ने पटौदी पैलेस के छत पर ये तस्वीरें खिंचवाई हैं और इसे खुद इब्राहिम ने खींची है। बता दें, इब्राहिम और पलक को कई बार कैफे और रेस्टोरेंट्स के बाहर स्पॉट किया जा चुका है।

## सचिवालय में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 39 लाख की ठगी

**कल्याण.** पीड़ितों में एक दिव्यांग महिला है जो कि कल्याण शहर में फोटोकॉपी और टाइपिंग की दुकान चलाती है। उसने दावा किया कि आरोपियों में से एक व्यक्ति उसकी दुकान पर आता था। उस व्यक्ति ने महिला से मंत्रालय (सचिवालय) में नौकरी दिलाने में मदद की पेशकश की थी।

यही नहीं उस व्यक्ति और उसके एक अन्य साथी ने तीन अन्य लोगों के साथ भी सचिवालय में नौकरी दिलाने का झूठा वादा किया। जब पीड़ित नौकरी का पूछते तो दोनों आरोपी टालमटोली कर देते। बाद में जब पीड़ितों को शक हुआ तो उन्होंने अपना चैक वापस मांगा। तो आरोपियों ने कहा कि उनका चैक बाउंस हो गया है। दोनों आरोपियों ने चारों पीड़ितों से कथित तौर पर 39,71,800 रुपये लिए थे। महिला की शिकायत पर कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर कोलसेवाड़ी पुलिस ने शुक्रवार को दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 406, 506 और धारा 34 के तहत मामला दर्ज किया है।


THE NAVJEEVAN CO.OP. BANK LTD. ESTD : 1985

نوجیون کو آپریٹو بینک لمیٹیڈ

**NAV JEEVAN CO-OP. BANK**

*Head Office:*
*Bhawani Saw Mills Compound,*
*Ulhasnagar-3.*
☎: 0251-2572101:2568541/Fax 2567523
Visit us at: www.navjeevanbank.com

**SERVICES AVAILABLE**

**Features and Services of Bank**

- Different types of Deposits Schemes with Attractrive Deposits Rates.
- All types of Loans & Advances facilities with Competitive Rate.
- 24x7 NEFT/RTGS Services.
- Safe and Secure Mobile Banking Service with NEFT and RTGS Services.
- Franking Service in Ulhasnagar and Thane.
- Insurance Service through corporate Partners

**Upcoming Service**

**Blocking & Unblocking ATM cards through SMS.**



उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा





मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर Since 1985
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
25 Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
उल्हास वि NEWS ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
www.ulhasvikas.com
/ulhasvikas /ulhasvikas /ulhasvikas /ulhasvikas

| | |
|---|---|
| Pageviews yesterday | 2,763 |
| Pageviews last month | 76,471 |
| Pageviews all time history | 1,007,712 |
| Followers | 168 |


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099